तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



11 देवांगन समाज भाटापारा की नई कार्यकारिणी..



12 भक्त माता कर्मा की निकाली शोभायात्रा






**खबर संक्षेप**

### 7 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**भटगांव**। नगर के वार्ड 14 मानस चौक के मनीराम बघेल अपने घर आंगन में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्रवाई कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी मनीराम बघेल 40 साल साकिन वार्ड नंबर 14 मानस चौक भटगांव थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब को समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### ऑनलाइन चालान जमा करने प्रशिक्षण आज

बलौदाबाजार। अब कोषालयों में भौतिक चालानो के स्थान पर 1 अप्रैल से ऑनलाइन माध्यम से चालान जमा किया जाएगा। ऑनलाइन चालान जमा करने के सम्बन्ध में 18 मार्च को प्रातः 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी कार्यालय के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण में भाग लेने निर्देशित किया है।

# जिले में बंद हैंडपंप और बोर की मरम्मत होगी : कलेक्टर कुलदीप

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने खराब हैंडपम्प एवं बोर का शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो को दिये। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत अधिकारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री शर्मा ने जल संरक्षण जनभागीदारी अभियान 2.0 अंतर्गत हैंडपम्प एवं टेप नल के पास सोखता गड्ढा निर्माण शासकीय भवनों प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण सहित अन्य संरचना निर्माण हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुसार समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी घर के नलो के टोंटियां ठीक हो, अनावश्यक पानी न बहे। उन्होंने निर्देशित किया कि 31 मार्च तक पाइप लाईन बिछाने एवं सड़क मरम्मत का काम पूरा हो जाना चाहिए। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, ए,आर, टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




### जलकर वसूली के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

उन्होंने व्यवस्थित एवं सुचारु ढंग से नल जल संचालन हेतु ग्राम पंचायतों में जलकर को सुदृढ़ करने कहा। उन्होंने कहा कि जलकर वसूली के लिये जागरूकता अभियान चलाएं, इसमें पहले सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पहले जलकर लें। कलेक्टर ने खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल त्यौहारी सीजन में ही नहीं बल्कि होटलों, ढाबो सहित अन्य दुकानों का नियमित जांच कर अनियमितता पर कार्यवाही करें। उन्होंने पोहा एवं राइस मिलो में भी गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा जिला कार्यालय से अनुमोदित होने वाले नस्तियों का एसडीएम कार्यालय से तहसील कार्यालय अधिकतम एक सप्ताह में पहुंच जाना चाहिए। सीमांकन के आवेदनो का ऑनलाइन ▶▶ शेष पेज 10 पर

## तबीयत ठीक करने का लालच देकर धर्म परिवर्तन का दबाव पास्टर गिरफ्तार

**खरोरा**। रायपुर ग्रामीण पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक पास्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्रामीणों को बीमारी ठीक करने का लालच देकर हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहता था और ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाता था। पुलिस के मुताबिक, कठिया नंबर-1 वार्ड 13 बजरंग पारा में रहने वाले लोगों ने 15 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पास्टर अनुप शेण्डे 28 गांव के लोगों को तबीयत ठीक करने का प्रलोभन देकर हिंदू धर्म के खिलाफ गाली-गलौज करता था और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाता था। प्रकरण में थाना खरोरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 298, 299 तथा छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता ▶▶ शेष पेज 10 पर



- ग्रामीणों को हिंदू धर्म छोड़ने के लिए करता था प्रेरित, कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा

## भाटापारा-राजाढार बाइपास तिराहा में घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा

# 50 कोरेक्स सिरप और कार जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण थाना पुलिस द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी करने वाले 1 युवक को गिरफ्तार कर 11,500 कीमत मूल्य का 50 प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप जब्त की। संपूर्ण प्रकरण में आरोपी से 7,16,500 कीमत मूल्य का सामान बरामद किया गया।

17 मार्च को ग्रामीण थाना पुलिस टीम द्वारा भाटापारा-राजाढार बाईपास तिराहा में घेराबंदी कर ग्राम सिवनी थाना नैला जिला जांजगीर चांपा निवासी 42 वर्षीय राम नारायण वस्त्रकार को लग्जरी KIA सोनेट कार के माध्यम से प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी करने के दौरान पकड़ा।



इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी तथा उसके कार का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से 11,500 कीमत मूल्य का 50 प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप मिला जिसे विधिवत जब्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा आरोपी से प्रतिबंधित ▶▶ शेष पेज 10 पर

## हथबंद शराब दुकान के गार्ड से मारपीट करने वाले 3 गिरफ्तार

**बलौदाबाजार**। जिले के हथबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब दुकान में तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।



प्रार्थी हरीश वैष्णव जो ग्राम तरपोंगा का निवासी है और हथबंद स्थित शराब दुकान में गार्ड की ड्यूटी करता है, ने पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि घटना 11 मार्च की रात लगभग 10 बजे शराब बिक्री काउंटर बंद होने के बाद हरीश अपने साथियों के साथ गार्डन रूम में खाना खा रहा था। इसी दौरान आरोपी बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचे और जबरदस्ती दरवाजा खोलकर कमरे के अंदर घुस गए। आरोपियों ने प्रार्थी के साथ धक्का-मुक्की की, अश्लील गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी।पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर थाना हथबंद में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2), 333 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को ▶▶ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय के लिए भरसेला संकुल से 2 छात्राओं का चयन

बलौदाबाजार। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में संकुल भरसेला के अंतर्गत प्राथमिक शाला भरसेला (बड़ा) की छात्रा हनी पैकरा एवं प्राथमिक शाला भरसेली की छात्रा स्वर्णा ध्रुव का चयन हुवा है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं संकुल केंद्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस सफलता के पीछे बीईओ राजेन्द्र टंडन, बीआरसीसी अविनाश तिवारी एवं संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा के मार्गदर्शन के साथ संकुल समन्वयक अमित अवस्थी द्वारा किए गए विशेष प्रयास सराहनीय रहे। संकुल स्तर पर आयोजित मॉक टेस्ट एवं सतत मार्गदर्शन का विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिला। साथ ही संस्था के प्रधान पाठक, शिक्षकगणों की मेहनत एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम से यह सफलता संभव हो सकी। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन, लेखनी ध्रुव, उमाशंकर वर्मा, प्रेमलता ध्रुव एवं जागेश्वरी वर्मा, जितेंद्र वर्मा सहित संकुल के समस्त शिक्षकगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खपरीडीह खुर्द में तीन दिवसीय मानस समारोह



भैंसा। ग्राम खपरीडीह खुर्द में अखंड त्रिदिवसीय मानस समारोह का आयोजन 15 से 18 मार्च तक किया जा रहा है। यह आयोजन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कृपा से पिछले 35 वर्षों से निरंतर आयोजित होता आ रहा है, जिसमें ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग मिलता रहा है। समारोह के अंतर्गत रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता निभा रहे हैं। आयोजन समिति जय बजरंग मानस परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

**आयोजन : अगले दो दिनों में 30 और मरीजों की होगी शल्य चिकित्सा**

# स्वास्थ्य शिविर में 512 मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

मुरा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र की पुण्य स्मृति में ग्राम मुरा स्थित पं. लखनलाल मिश्र सेवा परिसर में रविवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर में 512 मरीजों का उपचार किया गया। सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। चिकित्सकीय जांच के दौरान 28 मरीजों को उन्नत उपचार और ऑपरेशन के लिए मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा अगले दो दिनों में लगभग 30 अन्य मरीजों को भी शल्य चिकित्सा के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा। इन मरीजों के ऑपरेशन, उपचार, आवागमन, रहने और भोजन का पूरा खर्च आयोजकों की ओर से वहन किया जाएगा।



शिविर में लगभग 230 लोगों की नेत्र जांच की गई, जबकि 430 लोगों ने बीपी और शुगर की जांच कराई तथा 12 लोगों ने ई एन टी जांच करायी। इसके साथ ही 45 शिशुओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पं. लखनलाल मिश्र की आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण और तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी सहित संघ के लगभग 15 सदस्य उपस्थित थे।

संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्र ने कहा कि पिछले ढाई दशकों से यह स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित हो रहा है, जिससे हजारों ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला है। उन्होंने अपने पिता और स्वतंत्रता सेनानी पं. लखनलाल मिश्र को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर राष्ट्र को सर्वोपरि रखा और अपने बलिदान के बदले सरकार से कभी कुछ नहीं लिया।

# नशेड़ी का भाई-भाभी पर हमला, दांत से काटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पुरैनाखपरी में एक युवक ने नशे की हालत में अपने ही बड़े भाई और भाभी के साथ मारपीट की। आरोपी ने तैश में आकर अपने भाई के हाथ को दांतों से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी तरुण साहू निवासी ग्राम पुरैनाखपरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मार्च को जब वह अपने घर पर था, तभी उसका छोटा भाई आरोपी तरुण साहू 35 वर्ष नशे की हालत में वहां पहुंचा। पुरानी पारिवारिक बातों को लेकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और देखते ही देखते हाथ-मुक्के से मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान आरोपी ने क्रूरता दिखाते हुए प्रार्थी के दाहिने हाथ को अपने दांतों से बुरी तरह काट लिया। जब प्रार्थी की पत्नी बीच-बचाव करने आई, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की।

प्रार्थी की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 115(2) और 118(1) के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी को दबोच लिया।

## स्कूलों में सुरक्षा व अनुशासन को लेकर पुलिस-प्राचार्यों की संयुक्त बैठक

**बलौदाबाजार**। पुलिस कम्युनिटी हॉल में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की अध्यक्षता में स्कूलों की सुरक्षा एवं अनुशासन विषय पर पुलिस एवं प्राचार्यों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित, अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना, उनमें कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अपराध प्रवृत्तियों को प्रारंभिक स्तर पर रोकना रहा।

एसपी भावना गुप्ता ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे छात्रों की गतिविधियों, व्यवहार एवं आदतों पर सतत निगरानी रखें और नियमित संवाद के माध्यम से उन्हें सही-गलत की समझ विकसित कराएं। उन्होंने शाला प्रवेश व विदाई कार्यक्रमों में वाहनों से स्टंट जैसी



घटनाओं पर रोक लगाने तथा नाबालिग छात्रों को वाहन चलाकर स्कूल आने से सख्ती से मना करने के निर्देश दिए। बैठक में नशा, धारदार वस्तुएं लाना, मोबाइल का दुरुपयोग, आपसी विवाद जैसी समस्याओं पर चर्चा करते हुए बैग की आकस्मिक जांच, सीसीटीवी व्यवस्था, काउंसलिंग एवं अभिभावकों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों सहित जिलेभर के लगभग 130 प्राचार्य उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना से संवर रहा हितग्राहियों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विकासखंड कसडोल की ग्राम पंचायत अमोदी में एक और परिवार का पक्का घर बनने का सपना साकार हुआ है। योजना के तहत हितग्राही लता बाई यादव पति पदुम यादव को 1.20 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। शासन की इस

■ लता यादव को मिला अपना पक्का घर



आर्थिक सहायता से हितग्राही परिवार को न केवल पक्का आवास प्राप्त हुआ है बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से हर पात्र ग्रामीण तक पहुँचाया जाए, जिससे सबके पास अपना घर का संकल्प सिद्ध हो सके। इस उपलब्धि पर हितग्राही परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख तक का कैशलेश उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पीएम राहत योजना का क्रियान्वयन जिले में भी आरंभ कर दिया गया है। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान एवं अस्पताल में भर्ती अवधि में सात दिवस तक अथवा डेढ़ लाख तक की कैशलेस उपचार सुविधा प्रदान की जाएगी। यह योजना पूर्व में संचालित सीटीआरएवी व्यवस्था का विस्तारित एवं सुदृढ स्वरूप है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का राज्य के समस्त मान्यता प्राप्त अस्पतालों में उपचार किया जाएगा।

इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत कुल 1605 अस्पतालों में भी यह उपचार होगा। उपचार पूर्णतः कैशलेस होगा लाभार्थी अथवा परिजन से कोई राशि नहीं ली जाएगी। इस योजना को अन्य सभी स्वास्थ्य बीमा योजना की अपेक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। योजना में आपातकालीन स्थिरीकरण, आवश्यक जांच, शल्य चिकित्सा, आईसीयू एवं अन्य सभी अनुमन्य व्यय सम्मिलित रहेंगे। प्रकरणों का पंजीयन एवं दावा प्रेषण निर्धारित आईटी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। जिले में सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों को बैठक लेकर प्रशिक्षित एवं निर्देशित किया गया है।

■ पंजीकृत 1605 अस्पतालों में यह उपचार होगा

गौरतलब है कि 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम राहत योजना का शुभारंभ किया था। यह योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है। सड़क दुर्घटना के दौरान घायलों को तत्काल सहायता की आवश्यकता पड़ती है। यह समय ही घायल के लिए गोल्डन आवर कहा जाता है, ऐसे में पीएम राहत योजना पीड़ति की जान बचाने में काफी मददगार होगी।

## पचरी में नए प्रधानपाठक ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्राथमिक शाला पचरी में गिरवर प्रसाद सोनी ने प्रधान पाठक पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक हरीश प्रसाद साहू एवं संकुल समन्वयक कांत कुमार द्वारा उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण सविता कोशले, स्वीटी



देवांगन, शोभा रानी नारंग सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। सभी ने नवपदस्थ प्रधान पाठक को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा भी गिरवर प्रसाद सोनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## संगठन को मजबूत करने में जुटा तहसील शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शिक्षक संघ तहसील इकाई की आवश्यक बैठक में शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में टेट परीक्षा, मिडिल स्कूलों में प्रधान पाठक पदोन्नति, व्याख्याता पद पर पदोन्नति, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समायोजन के तहत अनुदान राशि प्रदान करने, स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा



विभागीय स्तर पर टेट परीक्षा आयोजित करने जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई और इन्हें प्राथमिकता से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में संजय वर्मा को शिक्षक संघ तहसील इकाई खरोरा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे संगठन में नई ऊर्जा एवं मजबूती आने की बात कही गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। बैठक में अध्यक्ष कुंजन दास कुर्रे, प्रकाश गिलहरे एवं सचिव रमेश वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद वर्मा, संगठन मंत्री भुनेश्वर वर्मा, प्रवक्ता लक्ष्मण वर्मा तथा ललित शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## धमनी ईको पर्यटन समिति ने लगाई पाबंदियां

पलारी। विकासखंड पलारी अंतर्गत चित्रोत्पला महानदी के किनारे वन परिसर धमनी के वन क्षेत्र को प्रकृति मय बनाने की शुरूआत हो चुका है। यह क्षेत्र में विभिन्न प्रतिबंध को लेकर उपस्थित वन प्रबंधन,ग्राम पंचायत,जनपद,महिला कमांडो दल और नवयुवक दलों के संयुक्त तत्वावधान में गठित ईको पर्यटन समिति धमनी के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र के लिये निर्णय सर्वमत से लिया गया है जिसमे परिसर के बाहर वाहन पार्किंग स्थल पर दो पहिया/चार पहिया वाहन के लिये स्थल बनाया गया है। धमनी वन परिसर मे वाहन प्रवेश वर्जित किया गया है। इस क्षेत्र में डी जे बजाना सख्त प्रतिबंधित किया गया है जो वन्यप्राणी पशु पंछी के लिये घातक होता है। महानदी मे नौका विहार के लिए राशि का निर्धारण किया गया है। ब्यस्क महिला पुरूषों के लिए राशि निर्धारित




की गई।परिसर प्रतिबंधित क्षेत्र मे शराब सेवन करना मना है व ईको समिति के सदस्यों के साथ अच्छे व्यवहार रखे।पान बीड़ी गुटखा खाकर थूकना पर बंदिश किया गया है।परिसर के अंदर चेहरा ढक कर प्रवेश वर्जित है तथा पटाखा फोड़ना वर्जित है। यह स्थल को प्रकृति मय बनाने के लिए एंव अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य जारी है।ईको पर्यटन समिति धमनी के महिला एवं नवयुवकों को प्रकृति मय निर्माण देवपुर का भ्रमण कराया गया जिसमें महिला कमांडो दल से सरिता पैकरा, प्रमिला यदु, जमुना ध्रुव हेमलता यदू, प्रिती देवी, सुरसरी चौहान राजकुमारी यदु एंव सरपंच हरदयाल पैकरा, जनपद चंद्रकुमार पैकरा, नरोत्तम निषाद, हिरेंद्र यदू, गिरिश यदु, ग्राम अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर, छग्गु यादव, शत्रुहन पैकरा, विनोद निषाद और रामनारायण यादव अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी, सचिव एवं वनरक्षक मनबोधन टंडन समस्त जनो की उपस्थिति मे यह भ्रमण कार्यक्रम के तहत तताक्षु एंव मयरी के मेनेजमेंट को देखा गया परखा गया।

## लक्ष्य एकेडमी में टेस्ट सीरीज टॉपर्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

लक्ष्य एकेडमी कोचिंग क्लासेस पलारी में सत्र 2024–25 एवं 2025–26 के टेस्ट सीरीज टॉपर विद्यार्थियों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीजीपीएससी टॉपर एवं सुकमा जिले के डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पलारी की अध्यक्ष सविता भीम यादव ने की। इस अवसर पर लक्ष्य एकेडमी कोचिंग क्लासेस पलारी के निर्देशक एवं संचालक भीम लाल यादव भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को



कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।जिसमे टेस्ट सीरीज सत्र 2024-25 के कक्षा 12 वीं से टॉपर कान्हा वर्मा, हरेलिया घृतलहरे, गोवर्धन फेकर,कृष्ण निर्मलकर, दुर्गा रजक, शालिनी बंजारे, एवं कक्षा 10 वीं टॉपर यश कुमार साहू, योगिता साहू, दिशा देवांगन शामिल हैं।इसी प्रकार सत्र 2025-26 कक्षा 12 वी टॉपर जिज्ञासु वर्मा, अमन कुमार यदु, तृप्ति पटेल, पूजा साहू, सुमित्रा यादव, कक्षा 10 वीं से रिहान गुप्ता, हर्ष जायसवाल, समीर वर्मा, लीलेश, निखिल, आशुतोष, विकास, दीपेंद्र,यमन, धैर्य, मेघा मायादेवी, खुशी का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया संस्था के शिक्षक कुबेर कुमार ढीमर, देवराज साहू एवं पंचम लाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अर्चना छत्तीसगढ़ अलंकरण सम्मान से सम्मानित

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान 2026 का आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में किया गया, जिसमें बलौदाबाजार जिला के कृषि विभाग में पदस्थ सहायक सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल को रुपिया माला, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनको स्वयं 90 प्रतिशत दिव्यांगता के बाद भी जीवन में शारीरिक कमियों को पीछे छोड़ आगे बढ़ने के ज़िद और हौसले के साथ - साथ /"सक्षम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित राष्ट्रीय संस्था में ब्लॉक अध्यक्ष के



रूप में, दिव्यांगों को सशक्त, शिक्षित, रोजगारुन्मुख और समाज के मुख्य धारा में जुड़ कर अपना जीवनयापन सुचारु रूप से करने में योगदान, जागरूकता और प्रोत्साहन हेतु कार्य किए जाने पर दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि एडिशनल एसपी सुरेशा चौबे, एडिशनल एसपी अर्चना झा, आईपीएस मिलेना कुर्रे, एम्स की प्राध्यापक डॉ. जे. जया रेका, समाजसेविका सुषमा तिवारी के साथ नवसृजन मंच के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा और संयोजक पदमा शर्मा उपस्थित रहीं।

## पेज 9 के शेष

### जलकर वसूली के...

पंजीयन कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गोधाम योजना अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डो में 2-2 सुरभि गोधाम निर्माण 15 अप्रैल तक पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गोधाम में चारा के लिये नेपियर घास लगवाएं, मवेशियों के लिये पानी व विश्राम की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि गोधाम में क्षमता अनुसार आस-पास के गांव के घुमन्तु मवेशियों को रखें ताकि सड़क में विचरण न करें।

### तबीयत ठीक करने ...

अधिनियम 1968 की धारा 4 के तहत मामला कायम किया। पुलिस ने आरोपी अनुप शेण्डे पिता मारोती शेण्डे, निवासी नांदाफाटा जिला बन्द्रपुर, महाराष्ट्र हाल मुकाम राजीव नगर खरोरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना स्वीकार की, जिसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी और न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में की गई।

### 50 कोरेक्स सिरप...

कफ सिरप की तस्करी में इस्तेमाल KIA सोनेट कार क्र. सीजी 10 बीयू 7388 एवं एक मोबाइल भी जब्त किया गया। संपूर्ण प्रकरण में पुलिस को आरोपी से 7,16,500 कीमत मूल्य का सामान बरामद करने में सफलता मिली है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। प्रकरण विवेचना में है।

### हथबंद शराब दुकान...

देखते हुए पुलिस ने त्वरित दबिश देकर घटना में संलिप्त तीनों आरोपियों चिंताराम उर्फ मनीराम अनंत 25 साल, शिवकुमार तुरकाने 22 साल और डागेश्वर अनंत 24 साल निवासी ग्राम हथबंद को हिरासत में लिया।

**कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया**

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम नवागांव में 17 मार्च से 25 मार्च तक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा, वेद पूजा और भागवत स्थापना के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया तथा पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा। कथा वाचक राजिम धाम के पंडित संदीप मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत



के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिनमें कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र, गोवर्धन लीला, श्री कृष्ण बाल लीला, रास महोत्सव, सुदामा चरित्र और गीता उपदेश जैसे प्रसंग शामिल हैं। वर्मा परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन के समापन दिवस 25 मार्च को हवन, तुलसी वर्षा और महाभोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कथा के आयोजक वर्मा परिवार जय चंद्र वर्मा, रामेश्वरी वर्मा, दुर्गेश वर्मा, केजा बाई वर्मा, छगनलाल वर्मा, कौशल्या वर्मा, अग्रसेन वर्मा, अजय वर्मा, रश्मि वर्मा, पंकज वर्मा मिति ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### कनकी में सप्ताहभर चली भागवत कथा

**खरोरा।** ग्राम पंचायत कनकी में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का अंतिम दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन पं. घनश्यामानन्द पाण्डेय कीरतपुर वाले द्वारा गीता प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत गीता के उपदेशों का महत्व बताते हुए धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर तुलसी वर्षा एवं पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। साथ ही



कपिल तर्पण एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आहुति अर्पित की और पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। पूरे सप्ताह चले इस धार्मिक आयोजन से ग्राम में भक्ति का वातावरण बना रहा और सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भागवत आयोजन महिला समिति कनकी ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विधायक कविता ने विधानसभा में उठाया जर्जर सड़कों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों से हो रही भारी परेशानियों को लेकर विधायक कविता प्राण लहरे ने एक बार फिर विधानसभा में मुद्दा उठाया। विधायक ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव का ध्यान गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग, गिरौदपुरी–बया रोड सहित क्षेत्र की अन्य खराब सड़कों की ओर आकर्षित करते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा।

उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र की जनता पहले भी आंदोलन और चक्काजाम कर चुकी है। उस समय विधायक स्वयं जनता के साथ सड़क पर बैठकर उनकी मांगों का समर्थन करती नजर आई थीं। आंदोलन के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने 45 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और आम जनता में निराशा बढ़ रही है।

विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में सरकार से पूछा कि गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग और गिरौदपुरी–बया रोड के निर्माण या मरम्मत कार्य में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि निर्माण कार्य कब शुरू होगा ।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांगा जवाब

### सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्यों पर विभाग ने की स्थिति स्पष्ट



ध्यानाकर्षण के जवाब में विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग के कुछ हिस्सों का डामर नवीनीकरण कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है और वह अभी पी.जी. अवधि में है। वहीं बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुए लगभग 300 मीटर हिस्से की अस्थायी मरम्मत कर उसे यातायात योग्य बनाया गया है तथा उसके सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह गिरौदपुरी–बया मार्ग की कुल लंबाई 37.80 किलोमीटर है, जिसमें से गिरौदपुरी से महाराजी तक का हिस्सा ठीक स्थिति में बताया गया है, जबकि महाराजी से बया तक 32.80 किलोमीटर सड़क को वर्ष 2025-26 के बजट में नए कार्य के रूप में शामिल किया गया है और उसकी प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। वहीं भिनोदा–गगोरी मार्ग के निर्माण के लिए 736.25 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है तथा निविदा प्रक्रिया जारी है।

### गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर हालत पर विधायक ने जताई चिंता

विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग क्षेत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है, जो रायपुर, सारंगढ़ और शिवरीनारायण–बिलासपुर जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ती है। लेकिन लंबे समय से इस सड़क की स्थिति अत्यंत खराब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई डामर, धूल और कीचड़ के कारण आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों और मरीजों को रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं और लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग



**पलारी।** जिले में भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही जिले में पानी की समस्या गहराने लगी है। इसे लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जाए ताकि जिले के तालाबों और जल स्त्रोतों में पानी पहुंच सके और लोगों को राहत मिल सके। विक्रम राय ने कहा कि इस वर्ष गर्मी की शुरुआत होते ही जिलेभर के अधिकांश तालाबों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। कई तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं, वहीं कई जगहों पर जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है और लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि गांवों में लगे कई बोरवेल भी जवाब देने लगे हैं। पहले जहां बोर से पर्याप्त पानी निकलता था, अब वहां पानी नहीं आ रहा है या बहुत कम मात्रा में निकल रहा है।

### भावी सिन्हा का नवोदय में चयन



**पलारी।** कुन्ती पब्लिक स्कूल के कक्षा पांचवीं की छात्रा भावी सिन्हा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इनके पिता तकनीकी सहायक जनपद पंचायत पलारी में पदस्थ है व बड़े पापा चुरामन लाल सिन्हा पलारी में शिक्षक के रूप सेवा दे रहे हैं। भावी सिन्हा की उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष का अवसर है।

## निधन

### अश्वनी हनुमंता



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी 61 वर्षीय अश्वनी हनुमंता का निधन 17 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की । वे राजेश हनुमंता के बड़े भाई तथा मनोज और मोना हनुमंता के बड़े पिता थे।

### कलेक्टर ने आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया

# जनदर्शन में सुनी गई लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में एक ग्रामीण आवेदक द्वारा तहसील के अर्जीनवीस से टिकट लगा हुआ आवेदन लिखवाकर लाने पर समझाया कि जनदर्शन में टिकट लगा हुआ आवेदन की आवश्यकता नहीं है। हाथ से लिखा हुआ आवेदन भी लिया जाता है। उन्होंने जनदर्शन में समस्या लेकर आने वाले लोगों की सुविधा के लिये कलेक्ट्रेट में ही आवेदन लिखाने की व्यवस्था हेतु कम्प्यूटर सिस्टम एवं ऑपरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में लगभग 125 लोगों ने आवेदन दिया, जिसमें राजस्व से सम्बधित सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण की समस्या अधिक थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल की समस्या, अतिक्रमण, बिजली एवं पुलिस से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिये गए। इस दौरान डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### जिपं में जल संचयन और जल संरक्षण पर कार्यशाला




**बलौदाबाजार।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत जल संचयन एवं जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जल संचय जन भागीदारी 2.0 अभियान के अंतर्गत लक्ष्य अनुसार कृत्रिम जल पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण एवं नवीनीकरण तथा जल संचयन एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी संबंधित विभागों को किए गए कार्यों की जानकारी जेएसजेबी 2.0 पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी विभागों से समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थिति रही।

# देवपुर नेचर कैंप में फोटोग्राफी कार्यशाला 18 और 19 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



वनमण्डल अंतर्गत देवपुर नेचर कैंप में 18 व 19 मार्च को वाइल्ड लाइफ एंड नेचर फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वन विभाग के कर्मचारियों एवं युवाओं को प्रकृति, वन्यजीव तथा आउटडोर फोटोग्राफी के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना है।

- वनकर्मियों और युवा वॉलेंटियर्स को मिलेगा वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी का प्रशिक्षण

कार्यशाला में अनुभवी फोटोग्राफर एवं प्रशिक्षक ऋषि माणिक दास, डॉ. राहुल शाक्य तथा सुबनारुण बराल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन प्राकृतिक वातावरण में किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को फील्ड में सीधे अभ्यास के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त होगा।

इस प्रशिक्षण में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों से वनकर्मी शामिल होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण के पश्चात अपने-अपने परिक्षेत्रों में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही युवान वॉलेंटियर्स भी इस कार्यशाला में शामिल होंगे, जिससे युवा प्रकृति, वन्यजीव एवं जैव विविधता के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकें।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की मूल अवधारणाएं, कैमरा एवं लेंस का उपयोग, मोबाइल फोटोग्राफी की तकनीकें, डीएसएलआर और मिररलेस कैमरों के आधारभूत सिद्धांत, एक्सपोजर ट्रायंगल, फोकस एवं कैमरा हैंडलिंग जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रकृति एवं वन्यजीव फोटोग्राफी के दौरान अवलोकन की तकनीक, फ्रेमिंग, रूल ऑफ थर्ड्स, प्राकृतिक प्रकाश का उपयोग तथा रचनात्मक कम्पोजीशन पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को फोटो चयन, बेसिक फोटो एडिटिंग, कलर करेक्शन, क्रॉपिंग तथा मोबाइल ऐप्स के माध्यम से इमेज एडिटिंग की जानकारी दी जाएगी।

# आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**सेल।** पूर्व माध्यमिक शाला मड़कड़ा में कक्षा आठवीं के बच्चों को कनिष्ठ छात्रों ने विदाई दी। सर्वप्रथम वरिष्ठ बच्चों का स्वागत कर आयोजन स्थल ले जाया गया। विदाई के अवसर पर उपहार भी दिया गया। इस मौके पर शिक्षकों द्वारा बच्चों को उद्बोधन स्वरूप आशीर्वचन भी दिए गए। विदाई के भावुक पल में विदाई शब्द के शाब्दिक अर्थ से बच्चों को रूबरू कराया गया और बच्चों के एक दो मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम की संचालन कमल निर्मलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार मड़कड़ा से शिक्षक प्रफुल्ल कुमार यादव, राजेश साहू, कमल प्रसाद निर्मलकर, हेमचंद पटेल, लीलाराम पैकरा, भरतलाल शाहजीत, रामेश्वरी कश्यप, उर्मिला बरेठ, शशि देवांगन आदि सभी शिक्षक उपस्थिति थे।

### समाज की प्रगति के लिए सभी का एकजुट रहना आवश्यक है

# देवांगन समाज भाटापारा की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

नगर देवांगन समाज भाटापारा का गठन समाज के वरिष्ठजनों एवं समाजजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में उदय राम देवांगन एवं महेश देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई। सलाहकार के रूप में सुखराम देवांगन एवं जीके देवांगन को नियुक्त किया गया।

समाज के अध्यक्ष रमेश देवांगन उपाध्यक्ष केशव देवांगन, अजीत देवांगन, हेमंत देवांगन एवं लोमस देवांगन सचिव पवन देवांगन तथा कोषाध्यक्ष के रूप में रोहित देवांगन को नियुक्त किया गया। सहसचिव के रूप में कोदूराम देवांगन, महेश देवांगन एवं अशोक देवांगन को जिम्मेदारी दी गई। संगठन मंत्री के रूप में गोपाल देवांगन तथा सह संगठन मंत्री के रूप में सतीश देवांगन एवं नारायण देवांगन को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी प्रमुख के रूप में रोमन देवांगन तथा मीडिया प्रमुख के रूप में मुकेश देवांगन एवं कुलेश्वर देवांगन को दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी लोगों का एकजुट रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर देवांगन समाज के माध्यम से सभी समाजजनों को साथ लेकर सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।



### इनकी रही उपस्थिति

नगर देवांगन समाज गठन में उपस्थित वरिष्ठ कारण अमित देवांगन, के आर देवांगन, पूनऊ देवांगन,नरेश देवांगन, जवाहर देवांगन,रामजी देवांगन, रामानुज देवांगन, शेषनारायण देवांगन, उमाशंकर देवांगन, मनहरण देवांगन, गोलू देवांगन, सीताराम देवांगन, संतोष देवांगन, हेमंत देवांगन, घनश्याम देवांगन, नोहर देवांगन, सीताराम देवांगन, डेविड देवांगन, गंगू देवांगन डालू देवांगन, गया राम देवांगन, अशोक देवांगन, अयोध्या प्रसाद देवांगन, जोधपुर देवांगन भारी संख्या मे उपस्थित द होकर नगर देवांगन समाज का गठन किया गया इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी मुकेश देवांगन द्वारा गई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## हिन्दू नववर्ष पर 19 मार्च को निकलेगी प्रभातफेरी

**भाटापारा।** चैत्र हिन्दू नववर्ष 19 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है, जिसके आगमन को लेकर भाटापारा क्षेत्र के सभी सनातनियों के बीच उत्साह है और उसी उपलक्ष्य में प्रभातफेरी का आयोजन धर्म संघ पीठपरिसद, आदित्यवाहिनी, आनदवाहिनी एवं अन्य धार्मिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है। आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया की 19 तारीख के सुबह 6 बजे रामनामसप्ताह से प्रभातफेरी प्रारम्भ होगी और फिर वह सदर बाजार होते हुवे रॉयल इन होटल, हटरी बाजार, गोविन्द चौक, मल गली, नगरपालिका, हथनीपारा, नवधा रामायण चौक, महारानी चौक से होते हुए वापस जय स्तम्भ चौक पहुंचेंगी। हिन्दू नववर्ष प्रारम्भ पर घरों, मंदिरों में ध्वज लगाने की पौराणिक परम्परा है, जिसके उपलक्ष्य में संस्था द्वारा 1000 ध्वज वितरण किया जा रहा है एवं जय स्तम्भ चौक में लगे सनातनी हिन्दू धर्म के प्रतीकों से चिन्हित ध्वज को भी विधिवत पूजा अर्चना कर नया लगाया जाएगा। भारत माता की पूजा अर्चना कर भारत जल्द हिन्दू राष्ट्र घोषित हो ऐसी प्रार्थना की जाएगी।

## विश्वनाथ बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंत्री

**बिलाईगढ़।** भाजपा संगठन में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देते हुए



अनुसूचित जाति मोर्चा सारंगढ़-बिलाईगढ़ की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। प्रदेश व जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र रात्रे ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इसी क्रम में सारंगढ़ अंचल के युवा कार्यकर्ता विश्वनाथ बसंत को मंत्री बनाया गया है। पूर्व सरपंच रहे विश्वनाथ संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने मिली जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# पति-पत्नी के पारस्परिक सम्मान को बताया समानता की पहली सीढ़ी

### कन्या कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का द्वितीय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मिनीमाता कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्वितीय दिवस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत लैंगिक समानता और समावेशन आनलाइन व ऑफलाइन मोड़ में किया गया।

प्रथम सत्र में प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. प्रीति शर्मा प्राचार्य शहीद नंदकुमार पटेल महाविद्यालय रायपुर ने आनलाइन मोड़ में नारी के तीनों रूप बुद्धि, शक्ति व धन के प्रदात्री होने की बात बताते हुए स्वयं सशक्त होने की वकालत करते हुए कहा कि सर्वप्रथम अपने घर से ही पति-पत्नी को एक दूसरे के सम्मान द्वारा इस लिंग भिन्नता को दूर करने का प्रथम प्रयास माना।



#### वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए

डॉ. रोजमीना कुजूर शहीद नंदकुमार पटेल महाविद्यालय, बीरगांव रायपुर ने भी अगली वक्ता के रूप में महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। तीन दिन तक चलने वाले इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और नेतृत्व व कानूनी अधिकारों आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक पहल हुई। अंत में महाविद्यालय परिवार ने सभी वक्ताओं प्रतिभागियों छात्र छात्राओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।

द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. मंजू अग्रवाल अतिथि व्याख्याता (हिंदी) शासकीय मिनीमाता कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर महिलाओं को आगे बढ़ाने व शिक्षा, कानून व आर्थिक क्षेत्रों में समान भागीदारी देने की अपेक्षा की।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वितीय सत्र में डॉ. शशिकान्त त्रिपाठी डायरेक्टर लीगल सेलसीएसआई एम यू कानपुर ने महिलाओं को सशक्त बनाकर ही समाज व राष्ट्र का विकास संभव होने एवं अनेक कानूनी अधिकारों से अवगत करवाया गया।

### जयंती : महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी, कर्मा नृत्य से गूंजा वातावरण

# भक्त माता कर्मा की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में भक्त माता कर्मा जयंती पर भव्य शोभा यात्रा मां कर्मा की पूजा अर्चना कर निकली गई। यह शोभा यात्रा नगर के ब्राह्मण पारा स्थित साहू भवन से निकल कर मौली माता चौक, कदम चौक, कुंवाचौक, पुराना हटरी, गांधी चौक, नया हटरि शीतला चौक होते हुए देवांगन मोहल्ला, मेन रोड बस स्टैण्ड, दमदमा चौक, गायत्री मंदिर होते हुए राम मंदिर,शनि मंदिर, रंग मंदिर होते हुए नगर भ्रमण कर पुनः ब्राह्मण पारा साहू भवन पहुंची। यहां एक सभा आयोजित कर नगर के जनप्रतिनिधि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया, तत्पश्चात भक्त माता कर्मा जी का भोजन प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर के माता बहिनों ने बड़ा चढ़ कर हिस्सा लिए माताएं कर्मा नृत्य में झूमते रहे और कर्मा माता की जयकारा लगाते रहे। उक्त शोभा यात्रा में नगर साहू समाज पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शिक्षा कामता प्रसाद साहू, तहसील अध्यक्ष पीताम्बर साहू, महासचिव श्यामा साहू, नगर परिक्षेत्र अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष छेदी साहू, हीरा लाल साहू, हेम लाल साहू, भरत साहू, रूपेश साहू, गुड्डा साहू, दादू लाल साहू, गेंदा साहू, रामदुलार साहू, आर डी साहू, राम लाल साहू, सहित ब्राह्मण पारा साहू समाज, कुंवाचौक साहू समाज, दमदमा चौक साहू समाज के गणमान्य जन उपस्थि रहे।



#### मोहतरा ह में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती



**सेल।** साहू समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के आदेशानुसार हर जिला तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र में तेली समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा जयंती 15 मार्च को मनाई गई। साहू समाज संघ तहसील टुण्ड्रा के ग्राम पंचायत मोहतरा में यहां कार्यक्रम किया गया था, जिसमें माता कर्मा आरती के साथ कीर्तन भजन कर ग्राम भ्रमण किया गया। साथ ही खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र साहू अध्यक्ष साहू समाज ग्रामीण द्वारा की गई, जिसमें मुख्य अतिथि रामगोपाल साहू, अध्यक्ष साहू संघ तहसील टुण्ड्रा, बाला राम साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष, भोजराम साहू उपाध्यक्ष, लक्ष्मीन साहू महिला उपाध्यक्ष, ममता साहू सचिव, शिव साहू अध्यक्ष, साहू संघ परिक्षेत्र हसूवा द्वि उपाध्यक्ष प्रेम लाल साहू,जयंती साहू, द्वि संगठन सचिव जीधन साहू, विजय कुमार साहू व सभी सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति रही।

#### बाजार में तरबूज की मांग बढ़ी



**पलारी।** गर्मी प्रारंभ होते ही सिजनली तरबूज की डिमांड बढ़ गई है। इन दिनों लोग सिजनली तरबूज खाना पसंद करते हैं। बाजार में जगह जगह तरबूज के ढेर लगे हैं। तरबूज विक्रेता उदल जोशी ने बताया की तरबूज की मांग लगातार बढ़ी है। बाजार में अभी तरबूज साइज के हिसाब से 50 से 120 रुपये प्रति नग बिक रही है। इनके अलावा ककड़ी, खीरा, खरबूजा लोगों को खूब भा रहा है।




